<u>संदेश</u>

राम नवमी के शुभ अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

राम नवमी का पावन अवसर, प्रभु श्रीराम के महान आदर्शों को याद करने का और उनके जीवन से शिक्षा लेने का अवसर है। श्रीराम का आदर्श जीवन हमें सदाचार, सहनशीलता, सहृदयता और मैत्री के उदात्त जीवन-मूल्यों का स्मरण कराता है। अपने-अपने कर्तव्य पथ पर अग्रसर होते हुए हमें इन शाश्वत जीवन-मूल्यों के प्रति सच्ची निष्ठा बनाए रखनी चाहिए।

आइए, हम सब अपने जीवन में, सदाचार और नि:स्वार्थ सेवा के प्रभु श्रीराम के संदेश का अनुसरण करें और गौरवमय भारत के निर्माण में नए संकल्प के साथ जुट जाएं।

******